

डिस्प्ले bazaar

एनआरआई में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

भोपाल| एनआरआई संस्थान में गत दिवस संस्था के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा हीट व मास ट्रांसफर विषय पर एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। गेस्ट लेक्चर के मुख्य वक्ता जीई इंडस्ट्री के डायरेक्टर राबिसन फर्नांडीस थे। गेस्ट लेक्चर के दौरान बड़ी संख्या में छात्र व स्टॉफ उपस्थित रहा। विभाग के एचओडी डॉ. पीके शर्मा ने कहा कि छात्रों को श्री फर्नांडीस से हीट व मास ट्रांसफर से जुड़ी नई चीजों की जानकारी मिली। संस्था के चेयरमैन सुबोध सिंह ने इस अवसर पर कहा कि छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए।

सिंडिकेट बैंक के तिमाही परिणामों की घोषणा

भोपाल|सिंडिकेट बैंक ने दिसंबरख् 2014 तिमाही के परिणामों की घोषणा की, जिसकी समाप्ति पर बैंक ने अपने परिचालन लाभ मे 4 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि की है। पिछले वर्ष की इस अवधि के 806 करोड़ रु. के परिचालन लाभ की तुलना मे इस वर्ष की तिमाही मे 838 करोड़ रु. हुआ है । वर्ष 2014-15 की तीनों तिमाही के दौरान बैंक का शुद्ध लाभ 1106 करोड़ रु. हुआ। पिछले वर्ष की दिसंबर तिमाही के 352498 की करोड़ की तुलना मे बैंक ने इस वर्ष की तिमाही मे 438099 करोड़ का ग्लोबल कारोबार किया ,जो 24.00 प्रतिशत को दर्शाता है। दिसंबर 2014 तिमाही मे बैंक का कुल अर्निंग पर शेयर एपीएस 23.61 प्रतिशत रहा। दिसंबर 2014 की समाप्ति पर कैपिटल एडिक्वेसी अनुपात बासेल III मे 10.46 प्रतिशत रहा।

राजपाल होंडा के तीसरे शोरूम का शुभारंभ

भोपाल|प्रदेश में आटोमोबाइल क्षेत्र में प्रसिद्ध राजपाल परिवार के होंडा शोरूम की श्रृंखला में राजधानी में एमपी नगर में तीसरे सर्विस-सेल्स शोरूम का शुभारंभ कल जोन-2 में हुआ। चार मंजिला इस शोरूम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां सर्विस के लिए प्रथम और दूसरी फ्लोर पर एक साथ 10 वाहनों के लाने-ले-जाने के लिफ्ट लगाई गई है। इस अवसर पर राकेश राजपाल ने बताया कि 12 हजार स्कायर फीट में बने इस सर्विस-सेल्स शोरूम में एक साथ 5 वाहनों की सर्विस करने के अलावा प्रतिदिन 200 तक वाहनों की सर्विस कंपनी के द्वारा प्रशिक्षित इंजीनियरों द्वारा की जाएगी। शोरूम का शुभारंभ संचालक राकेश राजपाल के पिताजी अशोक राजपाल ने किया, इस अवसर पर होंडा के जोनल मैनेजर सेल्स विनित श्रीवास्तव, मप्र सर्विस हेड रीतेश राय अशोक राजपाल सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

टूबा छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

भोपाल | टूबा ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूटस में गत दिवस सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए मंडीदीप-सलकनी मार्ग पर स्थित बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का औद्योगिक भ्रमण दआयोजित किया गया। साईट पर उपस्थित एसडीओ ज्योतिस्वरूप जैन ने डिजाईन एवं कंस्ट्रक्शन तकनीक के बारे में छात्रों को जानकारी दी एवं निर्माणाधीन पुलिया पर विजिट करवाया। विभाग के प्रोफेसर एवं छात्रों को सिविल इंजीनियरिंग से जुड़ी बारीकियों को समझने पर कॉलेज के चेयरमैन सुनील डांडीर ने बधाई दी।

आईईएस ग्रुप में सैप लैब्स का कैंपस

भोपाल | आईईएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा मल्टीनेशनल आईटी कंपनी एसएपी लब्स इंडिया के पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सहित कई इंजीनियरिंग कॉलेजों के सीएस, आईटी, ईसी व डिग्री कॉलेजों के बीसीए फाइनल इयर के छात्रों ने हिस्सा लिया। चार चरणों में संपन्न हुई कैंपस ड्राइव में चयनित छात्रों की सूची कंपनी द्वारा जल्द ही घोषित की जाएगी।

ईपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

भोपाल|ईस्टर्न पब्लिक स्कूल में गत दिवस एमवाईपी के छात्रों द्वार विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के अंतर्गत छात्रों ने विभिन्न रसायनिक प्रयोग कर विज्ञान की सत्यता को प्रमाणित किया। फलों के माध्यम से बिजली उत्पादन, दांतों की देखभाल, फेफड़ों की आंतरिक प्रक्रिया समझाना आदि महत्वपूर्ण जानकारियां मॉडल्स व चार्ट्स के माध्यम से दी गईं। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में बीयू बॉयोमेडिकल विभाग के एचओडी प्रो. मोहम्मद उवैस, रीजनल साइंस सेंटर के हेड व प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर प्रबल रॉय व रीजनल साइंस सेंटर के शिक्षा अधिकारी राउत माथुर उपस्थित रहे।